# चलो मिलकर मनाएं गणेश | By Mukesh Kumar

चलो मिलकर मनाएं गणेश
दूर करते जो विघ्न कलेश
माता जिनकी पार्वती और पिता महादेव

मात पिता के लादले गणपति जी महाराज
रिद्धि सिद्धि के स्वामी राखे सबकी लाज
मंगल कारज आपसे होते हैं प्रथमेव
माता जिनकी पार्वती और पिता महादेव

सारे गण और देवता करते तेरा ध्यान
शिव गौरी का लाडला भक्तों के भगवान
तुमरी पूजा करने से ही मिट जाए सब कलेश
माता जिनकी पार्वती और पिता महादेव

बुधवार का दिन है गणपति जी का वार
जो तुम्हे है पूजता होता बेडा पार
सब पर अपनी किरपा रखना गौरी लाला हे विघ्नेश
माता जिनकी पार्वती और पिता महादेव

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%8f%e0%a4%82-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a5%87%e0%a4%b6-by-mukesh-kumar/